जीविका
ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार

बिहार सरकार

विद्युत भवन - 2, बेली रोड, पटना - 800 021, दूरभाष: +91-612-250 4980, फैक्स: +91-612-250 4960, वेबसाइट: www.brlps.in

Ref No:- BRLPS/Proj-NF/1661/19/4990 Date - 05.12.2022

प्रेषक,

राहुल कुमार, भा० प्र० से०
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक।

सेवा में,

सचिव,
कला संस्कृति एवं युवा विभाग
बिहार, पटना।

विषय:- दिनांक 15 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2022 के बीच प्रस्तावित बिहार सरस मेला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु कलाकारों की भागीदारी के सम्बन्ध में।

प्रसंग:- BRLPS/Proj-NF/1661/19/4705 दिनांक - 21.11.2022

महोदय,

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार के तत्वाधान में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा दिनांक 15 से 29 दिसंबर 2022 तक गाँधी मैदान, पटना में 'बिहार सरस मेला 2022' का आयोजन किया जा रहा है। बिहार सरस मेला का थीम **"उद्यमिता से सशक्तिकरण "** रखा गया है।

बिहार सरस मेला में आम जनों की भव्य भागीदारी के मद्देनजर विभिन्न विभागों/संगठनों की उपलब्धियों के प्रदर्शन हेतु स्टॉल एवं जागरूकता कार्यक्रम हेतु कार्यशाला/नुक्कड़- नाटक/सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। उक्त मेले में प्रतिदिन संध्या 5 बजे से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाते हैं। विगत वर्षों में सांस्कृतिक कार्यक्रम में आपके विभाग की उल्लेखनीय सहभागिता रही थी।

अनुरोध है कि बिहार सरस मेला 2022 में भी विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों / कलाकारों कि सहभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु सहमती प्रदान करने कि कृपा की जाए।

विश्वासभाजन
05/12/22

(राहुल कुमार)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-
सह-मिशन निदेशक